(ग) देश में आठवीं पंचवर्षीय योजना के अन्त तक कुल कितने लघु उद्योग एकक कार्यरत हो जाने का अनुमान है और सातवीं पंचवर्षीय योजना की तुलना में यह संख्या कितनी अधिक होगी?

उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एम० अरुणाचलम): (क) जी, हां।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

(ग) आठवीं पंचवर्षीय योजना के लिए कोई लक्ष्य निर्धारित नहीं किया गया है किन्तु सातवीं पंचवर्षीय योजना की समाप्ति तक कुल 20.82 लाख मौजूद एककों की तुलना में आठवीं पंचवर्षीय योजना के पहले दो वर्षों अर्थात् 1992-93 और 1993-94 के दौरान लघु औद्योगिक एककों की संख्या क्रमशः 22.35 लाख और 23.84 लाख थी।

MoU signed for setting up paper and sugar project in Punjab

4783. SHRI IQBAL SINGH: Will the PRIME MINISTER be pleased to state:

(a) whether Government have signed any Memorandum of Understanding to set up a project of producing paper and sugar in the State of Punjab during the last two years;

(b) if so, the details thereof; and

(c) the steps taken by Government in this respect?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OR INDUSTRY (SMT. KRISHNA SAHI): (a) No, Sir.

(b) and (c) Do not arise.

लघु और कुटीर उद्योगों के लिए सुविधाएं

4784. **श्री इकबाल सिंह:** क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) भारत में लघु और कुटीर उद्योगों के विकास के लिए सरकार द्वारा दी जा रही सुविधाओं और रियायतों का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने लघु उद्योग क्षेत्र को आत्मनिर्भर बनाने के लिए और नयी उदारीकरण नीति के अंतर्गत विदेशी कंपनियों से प्रतिद्वन्दिता करने के लिए उन्हें संरक्षण प्रदान करने की कोई योजना बनाई है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण है?

उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एम० अरुणाचलम): (क) भारत की अर्थव्यवस्था के विकास में लघु और कुटीर उद्योग क्षेत्र की भूमिका को सरकार ने स्वीकार किया है। अतः इन उद्योगों के विकास को औद्योगिक विकास के कार्यक्रमों में उच्च प्राथमिकता मिल रही है और इस क्षेत्र को सहायता उपलब्ध कराना सरकार की औद्योगिक नीति की एक मुख्य विशेषता रही है।

सरकार ने अनेक उपाय किये हैं जिनमें संस्थागत सहायता और रियायती वित्त जैसे प्रोत्साहन व रियायतें, उत्पाद शुल्क के लाभ, अनन्य उत्पादन के लिए मदों का आरक्षण, लघु एककों से खरीददारी के लिए मदों का आरक्षण, तकनीकि परामर्श सेवाएं, परीक्षण सुविधाएं, सामान्य सुविधा सेवाएं और आधारभूत सुविधाएं शामिल हैं। राज्य सरकारें भी इस क्षेत्र को सुविधाएं और प्रोत्साहन देती हैं।

(ख) से (ग) लघु क्षेत्र में अनन्य विनिर्माण के लिए उत्पादों का आरक्षण प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र को ऋण देने और उत्पाद शुल्क में छूट देने के लिए सरकार की नीति जारी है। बड़े और मझौले एककों द्वारा आरक्षित मदों का विनिर्माण करने के लिए 75 प्रतिशत निर्यात दायित्व और स्वदेशी तथा विदेशी दोनों प्रकार के अन्य औद्योगिक उपक्रमों द्वारा लघु औद्योगिक क्षेत्र की इक्विटी में 24 प्रतिशत से अधिक की भागीदारी न करने की अनुमति देने से सम्बन्धित प्रावधानों का उद्देश्य लघु क्षेत्रों के हितों की रक्षा करना है।

Off loading of PSU shares

4785. SHRI VIREN J. SHAH:
SHRI PRAMOD MAHAJAN:

Will the PRIME MINISTER be pleased to state:

(a) whether Government's attention has been drawn to the report published in the 'Times of India' of January 2, 1995 under the caption, "PSU blue chips find way to grey market";

(b) If so, what are the facts and necessary details in this regard;

(c) what were the recommendations of the Jankiraman Committee which looked